# ECHO OF HIS CALL

**HINDI**

## बुलावे की प्रतिध्वनि

ECHO OF HIS CALL 1969-2019 GOLDEN JUBILEE

REACHING NATIONS

*India's National Spiritual Newspaper*

₹ 10/-

Published monthly in ENGLISH, TAMIL, MALAYALAM, TELUGU, HINDI, KANNADA, MARATHI, BENGALI, GUJARATI, ODIYA, ASSAMESE, PUNJABI, NEPALI, URDU, SINHALA & AFRIKAN

Editor : S. SAM SELVA RAJ | 16 Languages | Associate Editor : Sis. DOROTHY S. THOMAS

**Vol. XXX** YEAR OF OUR LORD JESUS CHRIST, 2025 MARCH **No.**04


पवित्र बाइबल!
इन वचनों को याद करें
परमेश्वर की स्तुति हो
भजन १९:१-६

१ आकाश परमेश्वर की महिमा का वर्णन कर रहा है; और आकाशमण्डल उसकी हस्तकला को प्रगट कर रहा है।
२ दिन से दिन बातें करता है, और रात को रात ज्ञान सिखाती है।
३ न तो कोई बोली है और न कोई भाषा जहाँ उनका शब्द सुनाई नहीं देता है।
४ उनका स्वर सारी पृथ्वी पर गूँज गया है, और उनके वचन जगत की छोर तक पहुँच गए हैं। उन में उसने सूर्य के लिये एक मण्डप खड़ा किया है,
५ जो दुल्हे के समान अपने महल से निकलता है। वह शूरवीर के समान अपनी दौड़ दौड़ने में हर्षित होता है।
६ वह आकाश के एक सिरे से निकलता है, और वह उसके दूसरे सिरे तक चक्कर मारता है; और उसकी गर्मी सबको पहुँचती है।
७ यहोवा की व्यवस्था खरी है, वह प्राण को बहाल कर देती है; यहोवा के नियम विश्वासयोग्य हैं, साधारण लोगों को बुद्धिमान बना देते हैं;
८ यहोवा के उपदेश सिद्ध हैं, हृदय को आनन्दित कर देते हैं; यहोवा की आज्ञा निर्मल है, वह आँखों में ज्योति ले आती है;
९ यहोवा का भय पवित्र है, वह अनन्तकाल तक स्थिर रहता है; यहोवा के नियम सत्य और पूरी रीति से धर्ममय हैं।

# यिशै की ठूंठ!

STUMP OF JESSE!



*मानद प्रधान सम्पादिका, रेव्ह. एन्जेलिन सेल्वकुमारी*



हमारे प्रभु और उद्धारकर्ता यीशु मसीह के अतुल्य नाम में **एको ऑफ हिज़ कॉल** के विस्तृत परिवार को अभिवादन।

मैं यशायाह ११ पढ़ रही थी, यह अध्याय यीशु मसीह की सेवकाई के बारे में सुविख्यात है। परंतु, मुझे पहिला पद विशेष रूप से आकर्षित करता है :

"तब यिशै के ठूंठ में से एक डाली फूट निकलेगी और उसकी जड़ में से एक शाखा निकलकर फलवन्त होगी" यशायाह ११:१

## ठूंठ!

ठूंठ शब्द ने मेरा ध्यान आकर्षित कर लिया। ठूंठ वास्तव में क्या होता है? ठूंठ ऐसे जीवन को दर्शाता है जो छोटा किया गया है, एक समय उन्नति पा रहे जीवन का अचानक अंत। वह

*पृष्ठ 3 मे क्रमश:...*




एको ऑफ हिज़ कॉल *5 मिनिट का संदेश!!*

**यू ट्यूब मसीही चैनल!**

तुम्हें पास्टर एस. सैम सिल्वा राज के साथ प्रार्थना करने का अवसर मिलेगा!

*अंग्रेजी, हिन्दी, तमिल और तेलूगू*

*प्रतिदिन सुबह 2 बजे*

*तमिल रविवार सभा - सुबह 8:30 बजे*

* Please Subscribe and Share *

# ECHO OF HIS CALL - (1969-2019 GOLDEN JUBILEE YEAR)

REACHING NATIONS



## *from your dearly beloved brother...*



**OUR MISSION POLICY**

We should expound and teach the contemporary generation the undiluted teachings of the ancient and early Apostles. It is the need of the hour.


HON. EDITOR-IN-CHIEF
Rev. Angeline S. Kumari, M.A., M.Sc., M.Ed.
HON. MANAGING EDITOR
Pastor Alex Samson Sam, B.Th., M.Div.
GENERAL MANAGER
Bro. N. Prakasam, M.A., M.Sc.(C&P), PGDHRM., MBA.
ADMINISTRATION
Sis. Jesy Veena Sam
Adv. K. Puratchivendan, M.Com., C.A., B.L.
Dr. P.E.R. Premchand, M.Sc., M.A., M.Ed., Ph.D.
Dr. C.G.S. Baburao, B.Tech., M.Tech. (DM), Ph.D.
Dr. Rabinder Boaz, M.S. (CMC)
EDITORIAL BOARD
Dr. Serena Bevin, M.A., M.Phil., B.Ed.
Sis. Sajini Cherian
Rev. Dr. K.R. Rajasekaran
Rev. Dr. William Robert, Ph.D., DD, D.Lit.
EDITOR, PUBLISHER & PRINTER



Pastor S. SAM SELVA RAJ
Echo of His Call Printers
10, Mohammed Abdullah 2nd Street,
Chepauk, Chennai- 600 005, India.
Phone : (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766
Cell : (+91) 98410 71852, 98412 71858
95661 31858
E.MAIL
sam@echoofhiscall.org
biblecor@yahoo.co.in
WEBSITES
www.echoofhiscall.org
www.stpaulsmatriculation.com
YOUTUBE CHANNEL
Echo of His Call


**"हमारे परमेश्वर यहोवा को सराहो; और उसके चरणों की चौकी के सामने दण्डवत् करो! वह पवित्र है!"** भजन ९९:५

मसीह में प्रिय,

प्रभु ने इस वर्ष के पहले दो महीनों में अनुग्रह के साथ हमारा मार्गदर्शन किया है। हम उन्हें सारी महिमा, आदर और प्रशंसा देते हैं। हमारी मुख्य कलीसिया और कार्यालय में हमारी सेवकाइयों के हर पहलू पर उसकी बहुतायत की आशीष के लिए हम परमेश्वर का धन्यवाद करते हैं।

हम विनम्रतापूर्वक संतोषपुरम, चेपौक और वेलाचेरी में हमारे तमिल नहेम्याह बाइबल कॉलेजों के साथ-साथ आवासीय हिंदी नहेम्याह बाइबल कॉलेज के लिए आपकी प्रार्थनाओं का अनुरोध करते हैं। आज की दुनिया में, सेवकाई के लिये समर्पित व्यक्तियों को ढूंढना तेजी से चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। इसलिए, समर्पित छात्रों के लिए आपकी प्रार्थनाओं की बहुत आवश्यकता है।

हमारे मासिक समाचार पत्र १६ अलग-अलग भाषाओं में प्रकाशित होते हैं और ज्यादातर निःशुल्क वितरित किए जाते हैं। हालांकि, युवा पीढ़ी के बीच मुद्रित साहित्य पढ़ने में रुचि तेजी से कम हो रही है। हम आपको अपने रिश्तेदारों और दोस्तों को एको अहफ़ हिज़ कहल से परिचित कराकर हमारी सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जिससे हमें अधिक लोगों तक पहुंचने में मदद मिलेगी।

परमेश्वर के अनुग्रह से, हम यूट्यब पर अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में प्रतिदिन एको अहफ़ हिज़ कहल आराधना का प्रसारण करने में सक्षम हैं। इसके अलावा, हमारी रविवार की आराधना सेवाएं एको अहफ़ हिज़ कहल यूट्यब चैनल पर लाइव स्ट्रीम की जाती हैं। हम आपको उन्हें देखने और आशीष पाने के लिए आमंत्रित करते हैं।

कृपया अपनी प्रार्थनाओं में हमारे ग्लोबल विज़न फ़ॉर यूथ एंड किड केयर मिनिस्ट्री (जीव्हीवायकेसी) को याद रखें। आप भी इस सेवकाई में निःशुल्क शामिल हो सकते हैं। बस अपने संबंधित स्थान पर प्रतिदिन रात १०:०० बजे दुनिया भर के युवाओं और बच्चों के लिए प्रार्थना करने के लिए प्रतिबद्ध हों। अपने मोबाइल फ़ोन पर रिमाइंडर सेट करें और प्रार्थना करें : "हे प्रभु, दुनिया भर के सभी युवा पुरुषों, युवतियों और बच्चों को याद रखें।"

जब से यह सेवकाई दो साल पहले शुरू हुई है, तब से कई लोग इसमें शामिल हुए हैं और परमेश्वर ने उन्हें भरपूर आशीष दी है। यदि आप भाग लेना चाहते हैं, तो कृपया हमें बताएं। हम निम्नलिखित सेवाओं के लिए भी आपकी प्रार्थनाओं की अपेक्षा करते हैं, जो परमेश्वर के अनुग्रह से सुचारू रूप से चल रहे हैं :

स सेंट पॉल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल, गॉस्पल प्रिंटिंग प्रेस, तमिल, अंग्रेजी और हिंदी में बाइबल कोर (बाइबल पत्राचार पाठ्यक्रम)।

हम आपकी प्रार्थनाओं और वित्तीय सहायता के लिए बहुत आभारी हैं। परमेश्वर अपनी दया से आपको भरपूर आशीष दे!

My son, Pastor Alex Samson Sam, entered the Kingdom of the Lord on February 13th, 2025.

*मसीह यीशु में आपके सेवक,*
*पास्टर एलेक्स सैमसन सैम*
*पास्टर एस. सैम सिल्वा राज*

(+91) 98410 71858 / 98412 71858 Email: sam@echoofhiscall.org


Our Ministries: ECHO OF HIS CALL Monthly Magazines (16 languages) • BIBLECOR - Postal Courses (3 languages) • YouTube Ministry • Online Courses • Theological Correspondence Courses (2 languages) • Church Planting • Nehemiah Bible Colleges • Gospel Printing Press • Great Commission Partners • St. Paul's Matriculation School • Crusades • Community Development

## एको ऑफ हिज़ कॉल के पाठकों : ध्यान दें

हमारे 5 मिनिट के एको ऑफ हिज़ कॉल यूट्यूब संदेश सुबह 2 बजे तमिल, अंग्रेज़ी और हिंदी में प्रतिदिन प्रसारित किए जाते हैं। इन संदेशों को देखने से आप परमेश्वर का अनुग्रह पा सकते हैं।

इसके अलावा, आपके व्यक्तिगत मोबाइल फोन में मेरे मोबाइल क्रमांक (+91) 98410 71858, (+91)98412 71858 सेव करें।

– पास्टर एस. सैम सेल्व राज

*पृष्ठ 1 से आगे:...*

पतन, किसी चीज़ का बचा हुआ भाग जो एक समय उन्नति पर था – जब समृद्धी रुक जाती है तो जो बचता है। यह अंतिम स्थिति का चित्र है : जीवनरहित, बचा हुआ, और बिना भविष्य के। ठूंठ जो था उसके अंत को चिन्हांकित करता है, जो सड़ने के लिए तय है और अंततः अदृश्य हो जाएगा।

यह पद दाऊद के राजघराने का उल्लेख करता है, जिसे घटा दिया गया – ठूंठ। जो शेष हैं वे बचे हुए हैं, जिन्होंने परीक्षाओं को सहा है, विपत्ति का सामना किया है, और स्थिर रहे हैं। यशायाह ११:१ इस बात की प्रतिज्ञा है कि परमेश्वर अपने विश्वासयोग्य बचे हुओं के लिए क्या करना चाहता है : जो हर तूफान में उससे लिपटे हुए हैं और प्रभु यीशु मसीह की स्थिर बुनियाद पर खड़े हैं।

परमेश्वर की मूल योजना थी कि दाऊद और उसकी संतान हमेशा के लिए सिंहासन पर राज करें। फिर भी, इतिहास एक अलग कहानी बताता है। २ राजा २४ और २५ में, हम सीखते हैं कि यहूदा के अंतिम राजा सिदकिय्याह (जिसका नाम का अर्थ है “परमेश्वर का वरदान“) को नबूकदनेस्सर ने पकड़ लिया, जिससे दाऊद के वंश का राजकीय अधिकार स्पष्ट रूप से समाप्त हो गया। लगभग ६०० वर्षों तक, इस्राएल में कोई राजा नहीं था।

इस मौन के दौरान, ऐसा लग रहा था मानो परमेश्वर अपनी प्रतिज्ञा भूल गया है। लेकिन परमेश्वर अविश्वसनीय नहीं था; वह अपने नियत समय का इंतजार कर रहा था। इस्राएल के लोग यहूदियों के राजा के आने का बड़ी उत्सुकता से इंतजार कर रहे थे। और फिर, समय के पूरे होने पर परमेश्वर ने यह घोषणा की कि यिशै की ठूंठ से एक अंकुर निकलेगा।

## टहनी!

एक मृत ठूंठ से जीवन कैसे उदय हो सकता है? यह असंभव लग रहा था। लेकिन परमेश्वर, सबसे निराशाजनक स्थितियों को भी पुनर्जीवित कर सकता है। जो इस्राएल का अंत लग रहा था – उसका शक्तिशाली साम्राज्य एक बेजान अवशेष में बदल गया – वह यीशु मसीह के जन्म के द्वारा परमेश्वर की प्रतिज्ञा को पूरा करने का मंच बन गया।

इस्राएलियों की अपेक्षाओं के विपरीत, जिन्होंने मसीह को एक सामर्थी और ताकतवर राजा के रूप में कल्पना की थी जो उनके सताने वालों को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार था, यीशु नम्रता से, एक चरनी में पैदा हआए। कभी-कभी, परमेश्वर की प्रतिज्ञाएं ऐसे तरीके से सामने आती हैं जो मानवीय अपेक्षाओं को चुनौती देते हैं। फिर भी उसकी योजनाएं हमेशा सिद्ध होती हैं।

यिशै के ठूँठ में से एक डाली फूट निकलेगी – जो नए जीवन, आशा और पुनर्स्थापना का प्रतीक है।

## ठूंठ पर चिंतन!

हम ठूंठ से अंकुर के चित्र पर ध्यान लगाने के लिए एक्रोस्टिक “ठूंठ” का उपयोग कर सकते हैं।

### १. शाखा!

**1. SOURCE OF PROMISES!**

हमारा परमेश्वर प्रतिज्ञाओं का परमेश्वर है। वह वाचाएं बांधता है और अपने वचन से कभी पीछे नहीं हटता। जब हमारी नींव उसकी प्रतिज्ञाओं पर बनी होती है, तो हम विजेता से भी बढ़कर होते हैं क्योंकि यीशु मसीह में उसकी प्रतिज्ञाएं “हां” और “आमीन”हैं। परमेश्वर अपने वचन को कभी नहीं भूलता। वह अपनी प्रतिज्ञाओं को पूरा करता है, अप्रत्याशित समय में भी, क्योंकि वह विश्वासयोग्यता के साथ प्रतिज्ञाओं को पूरा करने वाला है। उसने दाऊद के साथ अपनी प्रतिज्ञा पूरी की

**वरन् तेरा घराना और तेरा राज्य मेरे सामने सदा अटल बना रहेगा; तेरी गद्दी सदैव बनी रहेगी।’** २ शमुएल ७:१६

कुछ समय के लिए ऐसा लगा जैसे वह



**Statement about ownership and other particulars about the Newspaper Echo of His Call (Hindi) - Form IV (See Rule 8)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. Place of Publication | : | **New No. 8 & 10, Old No. 18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai - 600 005.** |
| 2. Periodicity | : | **Monthly** |
| 3. Printer, Editor, Owner & Publisher | : | **S. Sam Selva Raj** (Same Address) |
| 4. Nationality | : | **Indian** |

I, **S. Sam Selva Raj** hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.

**March 2025** **S. Sam Selva Raj.**

अपनी प्रतिज्ञा भूल गया है, क्योंकि दाऊद के वंश से कोई राजा सिंहासन पर नहीं था। हालाँकि, ठूँठ से एक अंकुर फूटा, जिसने अनपेक्षित क्षण में परमेश्वर के वचन को पूरा किया। **...मैं अपने कहे हुए को जब तक पूरा न कर लूँ तब तक तुझ को न छोड़ूँगा।** उत्पत्ति २८:१५



**परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की थी - अब्राहम की संतान तारों की तरह अनगिनत होंगे**

उत्पत्ति २२ में, परमेश्वर ने अब्राहम से प्रतिज्ञा की कि उसी संतान तारों की तरह असंख्य होंगी। हालांकि, अब्राहम के विश्वास की परीक्षा तब हुई जब परमेश्वर ने उसे अपने पुत्र इसहाक, प्रतिज्ञा की संतान को भेंट चढ़ाने के लिए कहा। जैसे ही अब्राहम ने छूरा उठाया, परमेश्वर ने एक मेढ़े को बलि के रूप में दिया। यह कहानी दिखाती है कि परमेश्वर अपनी प्रतिज्ञाओं को बनाए रखने के प्रति विश्वासयोग्य है, तब भी जब परिस्थितियां उन्हें असंभव बनाती हैं।

आज उसकी प्रतिज्ञाओं का दावा करें!

## H→ २. पुनर्स्थापित आशा!

## 2. HOPE RESTORED!

यीशु मसीह का संदेश आशा का संदेश है - सभी के लिए आशा, निराशाजनक परिस्थितियों में भी। दुनिया भर में, बहुत से लोग संघर्ष कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने अपने रिश्तों, वित्त, भविष्य, नौकरियों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से, अपनी आशा खो दी है।

खुश खबर यह है कि यीशु मसीह जीवन रहित परिस्थितियों में आशा को लौटता है।

जिस प्रकार मरी हुई ठूंठ से डाली उत्पन्न होती है उसी प्रकार यीशु मसीह जीवन रहित परिस्थितियों को नए जीवन के स्रोतों में बदल देता है। यीशु मसीह के जन्म का केंद्रीय संदेश यही है : आशा। एक समय निर्जीव और आशा से रहित ठूंठ, नए जीवन को उत्पन्न करेगी।

यह ठूंठ जो एक समय फूलों से और पत्तियों से भरा हरा भरा पेड़ था, जिसकी शाखों में पक्षी रहते थे और जो छाया और सुरक्षा प्रदान करता था अब टूटा हुआ, खाली और निर्जीव है। वह किसी काम का नहीं, बिना किसी उद्देश्य का है और सड़ने के लिए छोड़ दिया गया है। फिर भी इस उजड़ेपन से एक डाली उदय होगी - एक जीवन से भरपूर शाखा उत्पन्न होगी।

गंभीर अकाल के दौरान सारपत की विधवा मरने से पहले अपने लिए और अपने बेटे के लिए भोजन तैयार करने के लिए लड़कियां इकट्ठा कर रही थी। एलिय्याह की बिनती पर उसने अपना आखिरी आटा और तेल लेकर रोटी बनाई। आश्चर्य की बात यह है कि परमेश्वर ने उसके घराने का प्रबंध किया और उसके बर्तन का आटा और कुप्पी का तेल कभी खत्म नहीं हुए।



**सारपत की विधवा लकड़ियां इकट्ठा कर रही थी**

यह कहानी (१ राजा १७:७-१६) समझाती है कि किस प्रकार परमेश्वर अत्यंत निराशाजनक परिस्थितियों में भी आशा और निर्वाह को पुनर्स्थापित करता है जैसे कि निर्जीव बेजान ठूंठ से डाली उत्पन्न होती है।

आपकी स्थिति कितनी ही आशा रहित दिखाई दे यीशु में भरोसा करें। वह प्रतिज्ञाओं का स्रोत है। आशा को पुनःस्थापित करने वाला है।

## परमेश्वर का पुनर्स्थापना और नई शुरुआत!

### परमेश्वर आशा को पुनर्स्थापित करता है :

परमेश्वर हमारे जीवन में भी वही कर सकता है जो उसने दूसरों के लिए किया - आशाहीन परिस्थितियों को आनंद और पुनर्स्थापना के स्रोतों में बदल देना। उस विधवा के सामान जो अपनी मुश्किलों को परमेश्वर के चरणों में ले आई, हमें भी अपने बोझ को यीशु मसीह को समर्पित करना है। जब हम अपना सब कुछ उसे दे देते हैं तब वह हमारे दुख को आनंद में बदल देता है और हमारी आशा को पुनः स्थापित करता है। हमें लगता है कि जो आशा हम खो गए थे उसे यीशु मसीह के नाम में नया बनाया जा सकता है।

## O→ ३. हानि पर जय पाने वाला!

## 3. OVERCOMER OF LOSS!

परमेश्वर हमें बुलाता है कि हम परिस्थितियों का शिकार न बने रहें, लेकिन जयवंत के रूप में उभर कर आए। यह वर्ष आपके लिए चाहे जैसा रहा हो या जो बोझ आप पिछले समय से उठाकर चल रहे हैं, याद रखें यीशु मसीह जो कुछ टूटा है और खोया है उसे लौटता है। वह हमें पिता से मेल कराता है क्योंकि वह पुनर्स्थापना और मेलमिलाप का परमेश्वर है।

आपने चाहे जो खोया हो, चाहे अनाज्ञाकारिता के द्वारा, पाप या परमेश्वर से दूरी के द्वारा वह उसे लौटा सकता है। यदि वह अपने बलिदान के द्वारा हमारे रिश्ते को पुनर्स्थापित करता है तो वह हमारे जीवनों के दूसरे पहलुओं को भी कितना अधिक पुनर्स्थापित करेगा। यीशु मसीह हमारे लिए मरने के लिए आया ताकि हमारा परमेश्वर से मिलाप हो। आपने जो कुछ भी खोया है उसकी प्रतिज्ञा का दावा करें और उस पर भरोसा करें कि वह उसे पुनः स्थापित करेगा।

यदि परमेश्वर मरे हुए जीवनरहित ठूंठ में जीवन ला सकता है तो वह आपके लिए और मेरे लिए कितना अधिक करेगा?

*पृष्ठ 6 से आगे:...*

GREAT COMMISSION PARTNERS
ECHO OF HIS CALL MINISTRIES
SINCE 1969

# महान आदेश के भागी

✲ भार उठना (गलातियों 6:2), ✲ सहायता करना (रोमियों 12:13) और ✲ चमकाना (2 तीमु. 1:6)

## स्तुति और प्रार्थना निवेदन

**19 फरवरी 2025, से 18 मार्च 2025 तक**

(कृपया इस पृष्ठ को फाड़िये, घड़ी कीजिए और उसे अपनी बाइबल में रखकर निरंतर प्रार्थना कीजिए।)



### स्तुति विषय

१९ मार्च : हमारे प्रार्थना सहयोगियों, सदस्यता भागीदारों, विश्वास भागीदारों, जीवन भागीदारों और महान आदेश भागीदारों और उनके परिवारों के प्रति परमेश्वर की आशीष के लिए।

२० मार्च : मिशनरी और उनके परिवार दूरदराज के क्षेत्रों में परमेश्वर के कार्य में लगे हुए हैं।

२१ मार्च : दुनिया भर में बाइबल और मसीही साहित्य छापने में शामिल लोगों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए।

२२ मार्च : हमें ऐसे साझेदार दिए जो अपनी व्यक्तिगत ज़रूरतों के बावजूद भी हमारी सेवकाई को आर्थिक रूप से सहायता करते हैं।

२३ मार्च : हमारे **एको ऑफ हिज़ कॉल** सहायक संपादकों और उनके परिवारों के लिए।

२४ मार्च : हमारे वरिष्ठ पासवान एस. सैम सेल्वा राज और उनके परिवार को ईश्वरीय सुरक्षा और अच्छे स्वास्थ्य की आशीष देने के लिए।

२५ मार्च : हमें मिशनरियों को वित्तीय और प्रार्थना सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाने के लिए।

२६ मार्च : हमारे **सेंट पहल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल, नहेम्याह बाइबल कहलेज और ईश्वर विज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रमों** की सभी गतिविधियों के लिए।

२७ मार्च : मिशनरियों द्वारा स्थापित स्कूलों के साथ संसार को आशीष देने के लिए जो कि ठोस मसीही सिद्धांतों पर आधारित हैं।

२८ मार्च : १९६९ से पत्रिका सेवकाई के प्रति हमारे समर्पण पर परमेश्वर के भरपूर अनुग्रह के लिए।

२९ मार्च : **एको ऑफ़ हिज़ कॉल** यूट्यूब चैनल के लिए हमें नए सब्सक्राइबर देकर आशीष देने के लिए।

३० मार्च : युवा और बाल देखभाल सेवकाई के लिए हमारे वैश्विक दृष्टिकोण को आशीष देने के लिए।

३१ मार्च : हमारे राज्य समन्वयकों और उनके परिवारों को आशीष देने के लिए।

०१ अप्रैल : सभी देशों पर परमेश्वर की सुरक्षा, विशेषकर अराजकता और युद्ध के भय के बीच, शांति और स्थिरता के लिए प्रार्थना करें।

०२ अप्रैल : राजनीतिक और धार्मिक विरोध के बीच हमारी मसीही सेवकाइयों को उन्नति पाने में मदद करने के लिए।

०३ अप्रैल : हमारे वरिष्ठ पासवान का विविध सेवाओं के माध्यम से सुसमाचार फैलाने के प्रति समर्पण।

### कृपया प्रार्थना करें

०४ अप्रैल : हमारे **सेंट पहल्स मैट्रिकुलेशन स्कूल** के १०वीं कक्षा के छात्र जो अपनी सरकारी परीक्षा दे रहे हैं।

०५ अप्रैल : शैक्षणिक वर्ष २०२५-२६ के लिए हमारे आवासीय और शाम के नहेम्याह बाइबल कहलेज में योग्य छात्रों का प्रवेश।

०६ अप्रैल : हमारे वरिष्ठ पासवान, एस. सैम सेल्वा राज, को उनकी विभिन्न सेवाओं के लिए नए दृष्टिकोण की आशीष दी जाएगी।

०७ अप्रैल : बच्चों और युवाओं को मादक पदार्थों की लत से बचाने के लिए।

०८ अप्रैल : दुनिया भर में बढ़ती हुई नशे की लत से बच्चों और युवाओं की सुरक्षा के लिए।

०९ अप्रैल : शैक्षणिक वर्ष २०२५-२६ के लिए हमारे **सेंट पॉल मैट्रिक्यूलेशन स्कूल** के लिए नए छात्रों का प्रवेश हो।

१० अप्रैल : दुनिया भर में बाल तस्करी के उन्मूलन के लिए।

११ अप्रैल : दुनिया भर की कलीसियाओं में जागृति के लिए।

१२ अप्रैल : सभी देशों के राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री, मुख्य मंत्री और संसद सदस्यों के लिए।

१३ अप्रैल : दुनिया के युवा और बच्चे यीशु मसीह को अपना व्यक्तिगत उद्धारकर्ता स्वीकार करें।

१४ अप्रैल : दुनिया भर के सभी लोगों की ज़रूरतें पूरी हों

१५ अप्रैल : सभी देशों को सभी पहलुओं और नियोजन में एकता, प्रगति और शांति का अनुभव हो।

१६ अप्रैल : हमारे प्रायोजक, शुभचिंतक और मित्र जो प्रार्थना और वित्तीय सहायता के माध्यम से हमारी सेवाओं को बनाए रखते हैं, उन्हें आशीष और बल मिले।

१७ अप्रैल : हमारी मुख्य और शाखा कलीसियाओं में हमारी गुड फ्राइडे और ईस्टर की आराधना।


१८ अप्रैल : १वैश्विक आर्थिक मंदी समाप्त हो, जिससे प्रभावित लोगों को राहत मिले।

*पृष्ठ 4 से आगे:...*



**परमेश्वर ने अय्यूब को सब कुछ लौटाया!**

अय्यूब ४२ में अय्यूब की कहानी पर विचार करें : उसने अपना सब कुछ खो दिया। उसके बच्चे, धन दौलत और स्वास्थ्य। फिर उसके क्लेशों के बावजूद अय्यूब विश्वासयोग्य रहा। अंत में परमेश्वर ने उसे सब कुछ लौटा दिया। उसे जो कुछ उसके पास था उसका दुगना दिया। यह दिखाता है कि परमेश्वर पुनःस्थापन करने वाला परमेश्वर है जो अकल्पित हानि के बाद भी बहुतायत के आशीष प्रदान करता है।



**दाऊद ने सबकुछ वापस पाया**

इसी तरह १ शमू ३० में दाऊद अमालेकियों के हाथों सब कुछ खो बैठा था। निराश न होकर उसने प्रभु से बल मांगा। परमेश्वर जो कुछ आपने खाया है वह सब कुछ आपको लौटा दे, हर एक चीज।

## ४. नई शुरुआत करने वाला!
## 4. OPENER OF NEW BEGINNINGS!



बाइबल हमें आश्वासन देती है कि परमेश्वर के पास हम में से हर एक के लिए एक योजना है, ऐसी योजना जो आशा और भविष्य प्रदान करती है। हमें उसके हाथों में खोदा गया है। परंतु जीवन कभी-कभी अनपेक्षित मोड़ लेता है और हमें ऐसा प्रतीत होता है कि हम रास्ता खो चुके हैं।

यीशु मसीह की सुंदरता यह है कि वह दूसरे अवसरों का परमेश्वर है। हमारे गलतियां करने के बावजूद वह हमारी गलतियों से कुछ अच्छा उत्पन्न कर सकता है। जैसा कि रोमियों ८:२८ कहता है, **...उनके लिये सब बातें मिलकर भलाई ही को उत्पन्न करती हैं।**

वह नए द्वारों को खोलने वाला और नई शुरुआत करने वाला है। मैं प्रार्थना करती हूं कि जब आप यह पढ़ते हैं तो नए अवसर उत्पन्न होंगे और नई शुरुआत आपके जीवन में आएगी। यीशु मसीह हमें उद्देश्य और बहुतायत का जीवन देने के लिए आया। अपने जीवन को प्रार्थना में उसे समर्पित करें और वह आपके लिए सब कुछ नया बनाएगा।

जहां कुछ भी नहीं था वहां परमेश्वर जीवन का निर्माण करता है, आशाहीनता को नई शुरुआत में बदल देता है। नए जीवन का प्रतीक डाली ठूंठ से उत्पन्न होगी जो एक समय मृत दिखाई देती थी। परमेश्वर के पास उन स्थानों में जहां जीवन नहीं है जीवन लाने की सामर्थ है। यहेजकेल ३७ हमें स्मरण दिलाता है कि हम सुखी हड्डियों से बोले और वह जीवित हो जाएगी। हर मृत स्थिति में जीवन को बोलें क्योंकि यीशु मसीह के जन्म की यह प्रतिज्ञा है।

यहेजकेल ने सुखी हड्डियों की तराई का एक दर्शन देखा। जब परमेश्वर ने उसे संपन्न होने की आज्ञा दी तब हड्डियां इकट्ठा हो गई और उन पर मांस आ गया और उन्हें सांस मिल गई और वह एक बड़ी सेना में बदल गई। यह पुनरुत्थान और नवीकरण की सामर्थी तस्वीर अत्यंत बांझ और जीवन रहित परिस्थितियों में भी नई शुरुआत उत्पन्न करती है।



**यहेजकेल ने सूखी हड्डियों से भरी एक घाटी का दर्शन देखा**

*पृष्ठ 9 में क्रमशः...*

NEHEMIAH BIBLE COLLEGES,
Chepauk & Santhoshapuram, Velachery Chennai.
Qualification : 10th Standard & above
Rush for admission! Medium :Tamil (Part Time)
Diploma in Theology Hindi (Residential) (Sponsorship Available)
Recognised by International Christian Leaders & Senior Pastors for the past 55 years
Contact : The Chairman, Nehemiah Bible College.
10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA.
Phone : (+91-44) 2852 8282, Cell : (+91) 98410 71852 / 95661 31858
E.mail : sam@echoofhiscall.org / Website : www.echoofhiscall.org

## कृपया हमारे मुख्यालय में हो रहे सेवाकार्यों के लिए प्रार्थना करें!

१. प्रार्थना सेवा : २४ घंटे
२. **बाइबलकोर** - बाइबल पत्राचार पाठ्यक्रम : अंग्रेजी, तमिल, हिन्दी
३. **बुलावे की प्रतिध्वनि (एको ऑफ हिज़ कॉल)** - मासिक पत्रिका अंग्रेजी, तमिल, मलयालम, तेलुगू, हिन्दी, कन्नड, मराठी, गुजराती, बगाली, उड़िया, नेपाली, आसामी, पंजाबी, उर्दू, सिन्हाला, अफ्रीकान
४. नहेम्याह बाइबल कॉलेज (तीन केन्द्र)
५. थियोलॉजिकल प्रशिक्षण कोर्स - अंग्रेजी एवं तमिल
६. ग्रेट कमिशन पार्टनर्स
७. प्रशिक्षण कार्यक्रम
८. सुसमाचार सभाएं
९. साहित्य वितरण और फॉलो-अप
१०. सुसमाचार साहित्य मुद्रणालय -प्रकाशन
११. सेंट पॉल्स मॅट्रिक्युलेशन स्कूल- विलेज इंग्लीश स्कूल
१२. सण्डेस्कूल रविवार प्रातः ८.३० बजे
**१३. तमिल उपासना रविवार प्रात ५.०० बजे - ७.०० बजे १०.००बजे**
**१४. हिन्दी उपासना रविवार सायं ४.०० बजे**
**१५. तेलुगू उपासना रविवार सायं ५.०० बजे**
**१६. अंग्रेजी तथा तमिल उपासना रविवार सायं ६.०० बजे**
१७. महिलाओं की प्रार्थना सभा बुधवार सायं ५.३० बजे
१८. पुरुषों की प्रार्थना सभा शुक्रवार सायं ६.३० बजे
१९. शिष्यता की सभा शनिवार सायं ६.०० बजे
२०. गृह सभाएँ मंगल.गुरु सायं ६.३० बजे
२१. विशेष पवित्र सहभागिता-प्रभुभोज प्रतिमाह के १ ला दिवस पर प्रातः ५.३० बजे
२२. कर्मचारी समीक्षा सभा प्रथम शनिवार सायं ५.३० बजे
२३. पालकों की प्रार्थना सभा प्रथम रविवार सायं ४.०० बजे
२४. रात्रकालिन प्रार्थना द्वितीय शुक्रवार रात ६.३० बजे
२५. उपवास के साथ प्रार्थना प्रथम शनिवार सायं ६.३० बजे
२६. पवित्र प्रभुभोज द्वितीय रविवार की उपासनाएँ
२७. प्रातःकालीन उपासना प्रतिदिन प्रातः ५.०० बजे
२८. कर्मचारी वर्ग द्वारा प्रार्थना उपासना प्रतिदिन प्रातः ६.०० बजे
२९. कार्यालय प्रातः ६.०० बजे से सायं ६.०० बजे (रविवार छोड़कर)

## ऍको ऑफ हिज़ कॉल पत्राचार पाठ्यक्रम केवल भारत में उम्मीदवार के लिए

### 1. बाइबलकोर

हम नए मसीहियों और गैर–मसीहियों के लिए बाइबल के बुनियादी सत्य पर पत्राचार पाठ्यक्रम प्रस्तुत करते हैं अंग्रेजी–57 पृष्ठ, हिन्दी–76 पृष्ठ, और तमिल–96 पृष्ठ। आपको एक पाठ्यक्रम पुस्तक मिलेगी जिसका शीर्षक है नया जीवन – आपके लिए! इस कोर्स के पूरा होने के बाद आपको ***आपके लिए नया जीवन*** शीर्षक युक्त पाठ्यक्रम की एक पुस्तक प्राप्त होगी।

### 2. ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम

ईश्वरविज्ञान पत्राचार पाठ्यक्रम नामक एडवान्स्ड डिस्टन्स एज्युकेशन पासबानों, सुसमाचार प्रचारकों और मसीही अगुवों के लिए भी उपलब्ध है जिन्हें परमेश्वर की सेवा के लिए बोझ है– अंग्रेज़ी 537 पृ. और तमिल 652 पृ. ! शुल्क रु. 1000/– लिया जाएगा, 149 अध्यायों की सात पुस्तकें दी जाएगी। सर्टिफिकेट इन मिनिस्ट्री दिया जाएगा। परमेश्वर आपको आशीष दे!

***अधिक जानकारी के लिए आज ही सम्पर्क करें।***

**The Chairman, Nehemiah Bible College,**
Echo of His Call, Post Box 2957
CHEPAUK, CHENNAI - 600 005.
Ph.: (044) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766,
Cell : 98410 71852, 95661 31858
E.mail : biblecor@yahoo.co.in

## एको ऑफ हिज़ कॉल मासिक पत्रिका विनामूल्य पाने का उत्तम अवसर

यदि आप डाक, पत्र, ईमेल, वॉट्स अप या फोन करके अपने मित्रों/रिश्तेदारों के पते भेज सके, तो हम उन्हें **एको ऑफ हिज़ कॉल** मासिक पत्रिका विनामूल्य भेजेंगे।

## कर में छूट

किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा ''एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट'' को दिया गया दान आयकर कानून की धारा ८० जी. के तहत कर मुक्त माना जाता है। इसके लिए अधिकृत रसीद दी जाएगी। दानदाताओं से निवेदन है कि वे अपने चेक तथा ड्राफ्ट **''एको ऑफ हिज़ कॉल एज्युकेशनल ट्रस्ट''** के नाम पर आपके आधार कार्ड और पैन कार्ड के साथ भेज दें।

| | | |
|---|---|---|
| Account Name | : | ECHO OF HIS CALL EDUCATIONAL TRUST |
| Account Number | : | 1023 2923 805 |
| Bank Name | : | STATE BANK OF INDIA |
| Branch | : | TRIPLICANE, CHENNAI - 600 005 |
| IFSC Code | : | SBIN 0000249 |
| SWIFT Code | : | SBI NIN BB 455 |



# खाई से महल तक

## (पास्टर एस. सॅम सेल्वा राज के जीवन अनुभव)

*"जो पढ़े वह समझे"* मत्ती 24:15

**जो यहोवा पर भरोसा रखता, वह धन्य होता है। - नीतिवचन 16:20**

मेरी सेवकाई के प्रारंभिक वर्षों में, मेरे मन में यह जानने की एक गहरी जिज्ञासा उत्पन्न हुई की विदेश में मसीही सेवक कैसे जीवन जीते हैं, और उन राष्ट्रों में सेवकाईयां कैसे चलाई जाती हैं। परंतु उस समय मेरे पास वित्तीय संसाधनों का, सार्वजनिक सहायता का और पर्याप्त आत्मिक वरदानों का भाव था।

मुझे स्वयं ही यह देखकर आश्चर्य हुआ कि 1989 में मुझे मेरी डायरी में यह लिखने का साहस हुआ कि मैं उस वर्ष अगस्त में मलेशिया जाऊंगा। मैं जल्द ही उस बारे में भूल गया और मैंने करीब ३ महीने उस बारे में नहीं सोचा। एक दिन मेरी डायरी मेरे हाथ में आई और मुझे मेरी योजना का स्मरण हुआ या। यह जानकर कि मेरे मलेशिया जाने की प्रस्तावित तारीख बहुत तेजी से नज़दीक आ रही है, मैं प्रार्थना में इस बात को लेकर आया और मैंने उसके वचन पर भरोसा किया : **किसी भी बात की चिन्ता मत करो; परन्तु हर एक बात में तुम्हारे निवेदन, प्रार्थना और विनती के द्वारा धन्यवाद के साथ परमेश्वर के सम्मुख उपस्थित किए जाएँ।** फिलिप्पियों 4:6

दिन सप्ताह में बदल गए फिर भी कुछ होता नजर नहीं आ रहा था। मैं अपने मन में जानता था कि मेरे पास विदेश जाने का कोई साधन नहीं है परंतु परमेश्वर में मेरा विश्वास अटूट रहा। इस समय के दौरान मेरी मुलाकात एक भाई से हुई जो अक्सर सेवकाई के लिए मलेशिया जाया करता था। मैंने उसके पास अपनी इच्छा व्यक्त की और उसने मुझे आगे के मार्गदर्शन के लिए उसके घर चेन्नई आने का प्रोत्साहन दिया।

अगली सुबह मैं उसके घर गया। उस दिन वह बहुत व्यस्त था और उसने मुझे दूसरे दिन आने के लिए कहा। ऐसा करीब १ महीने तक चलता रहा। हर भेंट के लिए मुझे पैसा और समय दोनों खर्च करने पड़े, और अंत में मेरी समझ में आया कि वह मेरी मदद करने के लिए तैयार नहीं है। अंत में उसने मुझे साफ शब्दों में कहा, "तुम मलेशिया नहीं जा सकते। केवल मेरे जैसे वरदान पात्र और सुयोग्य लोग ही वहां सेवकाई कर सकते हैं। मलेशिया में कोई भी तुम्हें स्वीकार नहीं करेगा। फिर मेरे पास मत आना।"

उसके हतोत्साहित करने के बावजूद, मैंने उम्मीद नहीं खोई। मैंने प्रार्थना करना जारी रखा, धैर्यपूर्वक परमेश्वर की इच्छा के प्रकट होने की इंतज़ार करता रहा।

दो सप्ताह बाद, जब मैं अपने कार्यालय में पत्रों को छांट रहा था, तो मुझे मलेशिया से एक पत्र मिला। यह पादरी देवराजुलु का था, जो वहां सेवा कर रहे थे। उनके शब्द इस प्रकार थे :

*मसीह में प्रिय भाई ब्रदर सैम सेल्वाराज,*

*मुझे किताबें पसंद है। मैं पुरानी किताबों की एक दुकान पर गया और वहां मुझे आपके एको अहफ हिज़ कहल मासिक की फटी हुई प्रति प्राप्त हुई। मैंने उसे पढ़ा और प्रभु ने मुझसे बात की। मुझे अपने पिछले अंक भी भेजिए। मैं डाक खर्च भेजूंगा। मैं आपसे व्यक्तिगत तौर पर मुलाकात करना चाहता हूं। मैं आपकी यात्रा, भोजन और निवास का खर्च उठाऊंगा। कृपया मलेशिया आइए। आगे मैं आपके लिए सिंगापुर और इंडोनेशिया में सेवकाई करने का प्रबंध करूंगा। हमें आपके जैसे परमेश्वर के सेवकों की आवश्यकता है। कृपया तुरंत उत्तर दीजिए।*

*प्रेम के साथ*
*पास्टर देवराजुलु*

परमेश्वर की विश्वास योग्यता से मैं अभिभूत हो गया। जैसा कि मैं मेरी डायरी में लिखा था मैं अगस्त 1989 में पास्टर देवराजुलू के निमंत्रण पर मलेशिया को भेंट कर पाया। मैंने सिंगापुर और इंडोनेशिया की भी यात्रा की जहां मैंने सैकड़ो लोगों को प्रचार किया और प्रभु यीशु मसीह के द्वारा पाप, श्राप और निर्धनता से छुटकारे का प्रचार किया। परमेश्वर ने न केवल मुझे सेवा करने के अवसर से आशीषित किया परंतु उन देशों में परमेश्वर के कई सेवकों के साथ स्थाई मित्रता स्थापित करने की भी अनुमति मुझे दी - ऐसी मित्रता जो आज तक जारी है।

उस समय से प्रभु ने मेरी सेवकाई को बढ़ाया है और मुझे दक्षिण अफ्रीका अमेरिका, इंग्लैंड, स्कहटलैंड, फ्रांस, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, कनाडा अहस्ट्रेलिया और श्रीलंका जैसे देशों में उसके वचन का प्रचार करने की योग्यता प्रदान की है। हजारों लोगों ने यीशु मसीह के द्वारा उद्धार का संदेश सुना है। मुझे विभिन्न देशों में सेवा करने के अनगिनत निमंत्रण आते हैं परंतु उन सभों को स्वीकार करने का समय मेरे पास नहीं है। इस तरह मेरे जीवन में परमेश्वर की आशीष मुझे प्राप्त हुई है।

प्रिय वाचक, प्रभु यीशु मसीह जिसकी मैं सेवा करता हूं, सच्चा परमेश्वर है। वही मार्ग सत्य और जीवन है। उस पर विश्वास कीजिए। अपना जीवन उसे सौंपिए। यदि आपको उसकी सेवा करने की बुलाहट महसूस होती है तो विश्वास से कदम बढ़ाएं। वह साधारण तरीके से आपका मार्गदर्शन करेगा और आपको बहुतायत की आशीष प्रदान करेगा।

**"वह चट्टान को जल का ताल, चकमक के पत्थर को जल का सोता बना डालता है"** (भजन 114:8)।

■■■■■■■■■■■■

*पृष्ठ 6 से आगेः...*

ठूंठ से डाली! जहां कुछ भी अस्तित्व में नहीं है वहां वह चीजों को अस्तित्व में लाता है। जैसा कि रोमियों ४:१७ घोषणा करता है... **जैसा लिखा है, "जो मरे हुओं को जिलाता है, और जो बातें हैं ही नहीं उनका नाम ऐसा लेता है कि मानो वे हैं।"**

**अब जो ऐसा सामर्थी है कि हमारी विनती और समझ से कहीं अधिक काम कर सकता है** (इफिसियों ३:२०)।

अपनी आशा मत खोइये! एक नई शुरुआत आपका इंतज़ार करती है। यदि आप विश्वास करेंगे तो आप परमेश्वर की महिमा देखेंगे। उसमें भरोसा कीजिए क्योंकि परमेश्वर सीमित नहीं है। जब हम ऐसी चुनौतियों का सामना करते हैं जो अजेय लगती हैं तो वह असंभव को पूरा करने में सामर्थी है।

## ५. सच्ची दाखलता!
## 5. THE TRUE VINE!

यीशु मसीह सच्ची दाखलता हमें बहुतायत का जीवन जीने और परमेश्वर की महिमा के लिए फल लाने की सामर्थ देती है। हमें फलदायकता के लिए उस पर निर्भर रहना है। यीशु मसीह दुनिया में आया ताकि हम परमेश्वर की संतान बन सकें उसके राज्य के लिए फल ला सके। **उसके बिना हम कुछ नहीं कर सकते (यूहन्ना १५:५)।**



**जो उसमें बने रहते हैं, बहुत फल आते हैं और पिता की महिमा करते हैं**

शाखा फलदायकता, उन्नति और बहुतायत का प्रतीक है। यीशु मसीह के अनुयायी होने के नाते हमें फल लाने के लिए बुलाया गया है ताकि स्वर्गीय पिता की महिमा हो। यीशु मसीह ने अपने चेलों को सिखाया कि वह सच्ची दाख़लता है और वे डालियां हैं। उसने उन्हें प्रोत्साहन दिया कि वह उसमें बने रहे क्योंकि उसे छोड़कर वह कुछ नहीं कर सकते जो उसमें बने रहते हैं, बहुत फल आते हैं और पिता की महिमा करते हैं (यूहन्ना १५)।

यह सच्चाई सच्ची दखलता यीशु मसीह पर निर्भरता के द्वारा सीधे उन्नति और फलदायकता की कल्पना को प्रतिबिंबित करती है।

मेरी यह प्रार्थना है कि जब आप यशायाह ११:१ पर मनन करते हैं तब परमेश्वर आपके जीवन में, आपके परिवार में, आपकी सेवकाई में आपके कार्य के स्थान पर नई डाली उत्पन्न करेगा। यह छोटा परंतु महत्वपूर्ण परिवर्तन और नवीकरण ले आएगी। मैं इस नई शुरुआत के लिए प्रार्थना करती हूं कि वह आपके जीवन में इस वर्ष जड़ पकड़े। आप सारी आशा के स्रोत पर भरोसा करें जो हर हानि को लौटा देता है और राख से सुंदरता को ले आता है। वह पुनर्स्थापना का परमेश्वर है और जो नई शुरुआत का द्वार खोलता है

मेरी प्रार्थना है कि यह वर्ष आपके जीवन के हर क्षेत्र में नवीकरण और फलदायकता का वर्ष हो। जैसे-जैसे आप उसमें बने रहेंगे, आप गुणन, विकास और बहुतायत का अनुभव करेंगे। उस पर भरोसा रखें, और आप बहुत फल लांएंगे, जिससे पिता की महिमा होगी।


## तत्काल आवश्यकता

एको ऑफ हिज़ कॉल का विस्तार बड़ी तेज़ी से हो रहा है। हमें निम्नलिखित पदों के लिए मिशन की मानसिकता रखनेवाले, उसके के प्रति समर्पित, और विश्वासयोग्य पुरुष और महिला उम्मीदवारों की आवश्यकता है :

- हमारे मुख्य गिरजाघर के लिए पूर्णकालिक सहायक पास्टर
- चेन्नई में हमारी शाखा कलीसियाओं के लिए पूर्णकालिक सहायक पास्टर
- पूर्णकालिक सुरक्षा कर्मी
- डी. टी. पी. ऑपरेटर और टाइपिस्ट
- अंग्रेजी और अन्य भाषाओं को बोलने और लिखने में कुशल
- प्रशासन में रुचि रखने वाले कार्यालय प्रबंधक
- पूर्णकालिक बाइबल कॉलेज व्याख्याता
- स्वयंसेवक जो हमारी सेवकाई को बढ़ावा दे सकें
- पूर्णकालिक ड्राइवर
- मैट्रिकुलेशन स्कूल के लिए प्रिंसिपल और शिक्षक
- पूर्णकालिक रसोइया (महिला)
- पूर्णकालिक हाउसकीपिंग कर्मचारी

योग्यता और अनुभव के आधार पर वेतन।

Please Contact **ECHO OF HIS CALL** office

**आवेदन करें**

व्हाट्सएप नंबर : **98412 71858**

ईमेल : **sam@echoofhiscall.org**

RNI.No.63656/95, Postal Regn.No.TN/CH/(C)/202/24-26 WPP.No.TN/PMG(CCR)/WPP-222/24-26

## एको ऑफ हिज़ कॉल

**यू ट्यूब**

Please subscribe

कृपया आपके समय के अनुसार हमारा **एको ऑफ हिज़ कॉल यू ट्यूब चैनल** देखें और उसे सब्स्क्राईब करें। - धन्यवाद

## OUR BANK DETAILS:

### 1. Bank : State Bank of India

| | | |
|---|---|---|
| Branch | : | Triplicane, Chennai-5 |
| Name | : | S. Sam Selva Raj |
| A/C No. | : | 1023 2934 679 |
| IFSC | : | SBIN 00 00 249 |
| SWIFT CODE | : | SBI NIN BB 455 |

### 2. Bank : ICICI Bank

| | | |
|---|---|---|
| Branch | : | Anna Salai, Chennai-6 |
| Name | : | Echo of His Call |
| A/C No. | : | 6038 0502 2319 |
| IFSC | : | ICIC 000 6038 |

### 3. Bank : State Bank of India

(This Account is for Tax Exemption for Indians only )

| | | |
|---|---|---|
| Branch | : | Triplicane, Chennai-5 |
| Name | : | Echo of His Call Educational Trust |
| A/C No. | : | 1023 2923 805 |
| IFSC | : | SBIN 00 00 249 |

Google Pay: 98410 71858
PayPal : SAM SELVA RAJ
*****
E.mail : sam@echoofhiscall.org

# एको ऑफ हिज़ कॉल

१६ भाषाओं में मासिक पत्रिकाएं, पत्राचार पाठ्यक्रम, कलीसिया रोपन, ग्रामीण अंग्रेज़ी हायस्कूल, सुसमाचार छापखाना, क्रूसेड, सेमिनार, समाज सेवा आदि।

**वार्षिक शुल्कः रु. १००/-** **आजीवन शुल्कः रु. २,०००/-**

**एको ऑफ हिज़ कॉल** की गतिविधियां आपके समान परमेश्वर के लोगों के स्वेच्छा दानों और भेंटों से पूरी की जाती हैं। आप परमेश्वर की अगुवाई के अनुसार **एको ऑफ हिज़ कॉल** और उसके सारे कार्यक्रमों को आर्थिक सहायता भेज सकते हैं। अनपहुंचे लोगों को सुसमाचार सुनाने हेतु और कलीसिया की स्थापना के लिए हमें आपकी सहायता की ज़रूरत है।

अगर आप **एको ऑफ हिज़ कॉल** मासिक पत्रिका नियमित रूप से प्राप्त करना चाहते हैं तो कृपया हमें लिख भेजें। जब कभी अपना पता या ई-मेल बदलें तो कृपया अपने पुराने एवं वर्तमान पते के बारे में अवश्य सूचना दें।

**एको ऑफ हिज़ कॉल** सेवकाई १६ भाषाओं की मासिक पत्रिका हमारे वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। आप इस साइट पर जाकर और उसे डाऊनलोड करके उसे पढ़ सकते हैं और आशीष पा सकते हैं।

आपके पत्र, प्रार्थना अनुरोध और आपकी आर्थिक सहायता (मनी ऑर्डर, चेक या डिमांड ड्राफ्ट, एनईएफटी, पेपॅल को(Sam Selva Raj, sam@echoofhiscall.org) PhonePe (98410 71858), Gpay (98410 71858), Western Union, MoneyGram, etc.) कृपया निम्नलिखित पते पर भेजी जा सकती है।

कृपया अपना **लैंड लाईन फोन/सेल फोन क्रमांक और ई-मेल पत्ता** आवश्यक सुधार/अद्यतनीकरण के लिए भेजें।

Our address :

**ECHO OF HIS CALL**
10, MOHAMMED ABDULLAH 2ND STREET, CHEPAUK, CHENNAI - 600 005, INDIA
PH: (+91-44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766/ Cell: (+91) 98410 71852, 95661 31858 / E.mails: sam@echoofhiscall.org / biblecor@yahoo.co.in
Websites: www.echoofhiscall.org / www.stpaulsmatriculation.com

**YOU CAN SEND YOUR DONATION ONLINE ALSO**

Regd. with the RNI under No . 63656/95
Licenced to post without pre-payment
Postal Regn. No. TN/CH (C) /202/24-26
Licence No. WPP. No. TN/PMG(CCR)/WPP-222/24-26
Date of Publication: Second week of every month
Date of Posting : 8th & 9th of every month
Posted at "Egmore RMS / 1 Patrika Channel"
on 10th MARCH 2025.
If un-delivered please return to:
ECHO OF HIS CALL (HINDI)
P.O. Box No. 2957, Chepauk, Chennai - 600 005, INDIA.
Phone: (+ 91- 44) 2852 8282, 2852 9293, 2854 7766

*JESUS LOVES YOU!*

To

*GOD BLESS YOU!*

Owned and published by **S. Sam Selva Raj** from New No. 8 & 10, Old No.18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005 and printed by **S. Sam Selva Raj** at **Echo of His Call Printers,** New No. 8 & 10, Old No.18 & 19, Mohammed Abdullah 2nd Street, Chepauk, Chennai-600 005. Editor: **S. Sam Selva Raj.**